Reg. No. : ....

Name : ....

SY 605

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2025

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । (5x1=5)

1. ''आदमी का चेहरा'' किसकी रचना है ?
(जे. बाबू, कुँवर नारायण, एकांत श्रीवास्तव)

2. ''सूरीनाम में पहला दिन'' किस विधा की रचना है ?
(सफ़रनामा, कहानी, पत्र)

3. दीन स्वर में प्रार्थना करने वाली लड़की के हाथ में क्या रख दिया ?
(मिठाई, फल, सिक्का)

Score

4. लकड़ी के मकान में कौन कैद है ?
(बेटी, दिल्लीवाला, बादशाह)

5. सपने में पूजा का कमरा कहाँ बन गया ?
(ऊपर की मंज़िल में, आँगन में, नीचे की मंज़िल में)

सूचना : 6 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें । (2×2=4)

6. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ । (कौन, क्या)
गालिब बारात की अगवानी का सेहरा लिखते हैं ।

7. सार्थक वाक्य में बदलें ।
आपलोगबाहरहोजाइए ।

8. "तुझे तो वह अपने हाथों से नहीं खिलाती थी, अपनी जान से खिलाती थी ।" राजवंती यह किससे कहती है ? किसके बारे में कहती है ?

सूचना : कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य - चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।

9. मातृभूमि किसकी सगुण मूर्ति है ? (1)

Score

10. मातृभूमि के बंदीजन और सिंहासन क्या-क्या हैं ? (2)

11. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(3×4=12)**

12. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

मान न मान

मैं तेरा मेहमान

बने बुढ़ापा ।

13. ये प्रसंग पढ़ें और ज़मीन बेचने के लिए विवश पिताजी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

* खेतों में पहुँचकर वे सूर्यास्त तक उन खेतों में टहलते रहे जो बिकनेवाले थे ।
* बेटी और ज़मीन दोनों की विदाइयों पर पिताजी दुखी हैं ।

14. दो नज़र हम मगर

देखो दो नहीं -

''दोस्त'' कैसा होना चाहिए ? अपना मत व्यक्त करें ।

15. दोनों पदों को जोड़कर वाक्य पल्लवन करें ।

वह बालक स्ट्रीट लाइट में बैठकर पढ़ता ।

(पितृविहीन, अखबार)

Score

16. जीवन-वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद लिखें ।

जीवन-वृत्त	
नाम	: ओ. एन. वी. कुरुप
जन्म	: 1931
जन्म स्थान	: केरल के चवरा गाँव में
प्रमुख रचनाएँ	: दाहिक्कुन्न पानपात्रं, भूमिक्कु ओरु चरमगीतं
पुरस्कार	: ज्ञानपीठ, पद्मविभूषण
मृत्यु	: 2016

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें ।

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना । बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना । हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ ।

17. हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की महत्वाकांक्षा क्या रही है ? (2)

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । (6)

Score

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×6=18)

19. कवि अनंगजी का अंतिम क्षण आ पहुँचा था । तब वहाँ उसके मित्र आए । अनंगजी और मित्र के बीच की बातचीत लिखें ।

* मृत्यु की आशंका
* बेटे की प्रतीक्षा
* कविता सुनने की इच्छा

20. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जबहीं बन मुरली स्रवन परी ।
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा ने कहु नाहिं डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं ।।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।
'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

21. आपके स्कूल में सौहदा क्लब द्वारा फिल्म प्रदर्शनी हो रही है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

22. अंग्रेजी खंड का अनुवाद हिंदी में करें ।

M. S. Dhoni was the most successful captain of Indian Cricket team. He started his carrier in Indian Cricket team in 2004. India wins its second World Cup in 2011 under his captaincy. He was awarded Padma Bhushan in 2018.

(Successful = सफल, Awarded = सम्मानित, Under his captaincy = कप्तानी में)

सूचना : 23 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×8=24)

23. मुरकी की कथा सुनकर कुमार की आँखें भर आईं । उस दिन की डायरी में कुमार अपने मन का दुख प्रकट करता है । वह डायरी लिखें ।

* मुरकी को गाँव से लाना
* कुमार की देखभाल करना
* पति द्वारा उपेक्षित होना
* घर में वापस आना

24. बाज़ार में सिरदर्द दूर करने के लिए नयी दवा आयी है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

* जल्द असरदार (Quick relief)
* पार्श्व प्रभाव रहित (No side effect)
* सभी दवाखानों में उपलब्ध (Available in all medical shops)

25. आठ पारिभाषिक शब्द-जोड़े चुनकर लिखें ।

Vaccination
Zoology विषम संख्या
उदारतावाद Atom
विषाणु मानविकी Equation
Humanities टीकाकरण Odd number
परमाणु Liberalism जंतुविज्ञान
समीकरण Virus

Score

26. स्कूटरवाले को देखकर लेखिका आश्चर्य चकित हो गयी । इसके बारे में लेखिका मित्र को एक पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

* राहगीरों को पानी पिलाना
* व्यक्तित्व पर आकर्षित होना
* पीर जैसा लगना